# खनन विभाग की टीम पर हमला, मारपीट कर होमगार्ड जवान को जंगल में छोड़ा

## अवैध पत्थर और ग्रेवल ले जा रहे डंपर को माइनिंग टीम ने रुकवाया, डंपर चालक बॉर्डर होमगार्ड के जवान को ही ट्रक में बंधक बनाकर ले गया

- मारपीट कर जवान को जंगल में छोड़कर भाग गया डंपर चालक, जाने से पहले चालक ने डंपर में भरी ग्रेवल और पत्थर खाली कर दिए
- खनन विभाग की सूचना पर दो थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची, डंपर चालक और उसे एस्कॉर्ट कर रही कार में सवार लोग भाग गए

**कोटा, (निसं)।** प्रदेश में में खनन माफिया बेखौफ हैं। कई जगह पर खनन विभाग की टीम पर हमले भी कर देते हैं। ऐसी ही घटना शुक्रवार रात कोटा में सामने आई है। अवैध पत्थर और ग्रेवल ले जा रहे डंपर को माइनिंग टीम ने रुकवाया, लेकिन डंपर चालक बॉर्डर होमगार्ड के जवान को ही ट्रक में बंधक बनाकर ले गया। खनन विभाग की टीम ने पीछा किया तो काफी देर हाइवे पर घुमाता रहा। इसके बाद मारपीट कर जवान को जंगल में छोड़कर भाग गया। जाने से पहले चालक ने डंपर में भरी ग्रेवल और पत्थर खाली कर दिए। पूरे मामले में खनन विभाग की सूचना पर दो थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। हालांकि, डंपर चालक और उसे एस्कॉर्ट कर रही कार में सवार लोग भाग गए। खनन विभाग ने उद्योग नगर थाने में शिकायत दी है।

खनन विभाग के गंगाधर मीणा ने बताया कि हमारी टीम नेशनल हाइवे 27 के कोटा बाइपास पर रात्रि गश्त पर थे। ड्राइवर नरेंद्र हाड़ा, बॉर्डर होमगार्ड जवान परमजीत और मदन साथ थे। देर रात करीब 1:50 बजे रेल ओवरब्रिज के ऊपर से झालावाड़ रोड से नया नोहरा की तरफ डंपर जाते दिखा। हमने पीछा कर हाइवे पर कैथून चौराहे के पहले रोक लिया, रवन्ना व कागज मांगे। अवैध होने पर डंपर को जब्त कर रहे थे। बॉर्डर होमगार्ड जवान परमजीत डंपर में बैठ गया था। तभी चालक ने डंपर भगाना शुरू दिया। होमगार्ड जवान परमजीत भी डंपर में ही था। पहले डंपर चालक इसे नया नोहर ले गया। डंपर को एक कार एस्कॉर्ट कर रही थी, जिसने खनन विभाग की टीम के वाहन को आगे नहीं जाने दिया। इसके बाद डंपर वापस नया नोहरा से झालावाड़ रोड की तरफ मुड़ गया।

मीणा ने बताया कि डंपर रेलवे ओवरब्रिज के पास फॉरेस्ट एरिया में कच्चे रास्ते से प्रवेश कर गया, जहां होमगार्ड जवान परमजीत के साथ मारपीट की गई और डंपर में भरा ग्रेवल व पत्थर खाली कर दिए। हमने इस संबंध में पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद अनंतपुरा और रानपुर थाना पुलिस मौके पर आई। हालांकि, एस्कॉर्ट कर रही कार और डंपर फरार हो गए। इसमें एस्कॉर्ट कार में तीन से चार लोग सवार थे, जबकि डंपर चालक अकेला था। इन सभी ने होमगार्ड जवान परमजीत से मारपीट भी की। दोनों वाहनों में नंबर प्लेट नहीं थी।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत ने सोनार दुर्ग का निरीक्षण किया

## गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सोनार दुर्ग को ऐतिहासिक धरोहर बताया



केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने सोनार दुर्ग का निरीक्षण कर निर्देश दिये।

- शेखावत ने श्रीलक्ष्मीनाथजी मंदिर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शनिवार को विख्यात जैसलमेर किले का पूर्व महारावल चैतन्यराजजी और पोकरण विधायक मंहत प्रताप पुरी के साथ गहन निरीक्षण किया। इस दौरान किले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आभा बनाए रखने पर उद्देश्यपूर्ण विमर्श हुआ। इस क्रम में एएसआई व जिला प्रशासन के अधिकारियों को उचित रखरखाव के निर्देश दिए।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शनिवार को सुबह पूर्व महारावल चैतन्यराज जी और पोकरण विधायक मंहत प्रताप पुरी जी के साथ सोनार दुर्ग का निरीक्षण कर यहां के ऐतिहासिक स्थलों एवं राज प्रसाद संग्रहालय का अवलोकन कर यहां प्रदर्शित प्राचीन ऐतिहासिक भीत्ति चित्रों व संग्रहित शस्त्रों को अद्भुत खजाना एवं सोनार दुर्ग को ऐतिहासिक धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि विश्व धरोहर सूची में दर्ज इस किले का अपना एक गौरवमयी इतिहास है। इस किले के प्राचीन स्वरूप एवं सौंदर्य को बनाए रखना हम सब दायित्व है। साथ ही उन्होंने जैसलमेर के समृद्ध इतिहास के बारे में जानकारी लेते हुए सोनार दुर्ग के बाहरी स्वरूप एवं संकरी गलियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को किले की क्षतिग्रस्त दीवारों व जगह-जगह कमजोर हो रहे पुराने छज्जों एवं अन्य भागों का जीर्णोद्धार कर इसके प्राचीन स्वरूप एवं सौंदर्य को लौटने व सुरक्षित एवं संरक्षित करने पर जोर दिया। साथ ही इसके उचित रख-रखाव के निर्देश दिए। वहीं केंद्रीय मंत्री शेखावत ने सोनार दुर्ग में स्थित भाटी वंश के आराध्य देव श्रीलक्ष्मीनाथजी मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कमाना की। इस दौरान पोकरण विधायक महंत प्रतापपुरी, जिला प्रमुख प्रताप सिंह सोलंकी, जिला कलेक्टर प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष दलपत हिंगड़ा, कंवराज सिंह , बिक्रम सिंह नाचना सहित कई जने साथ रहे।

# रिटायर्ड टीचर को पत्नी के स्कूल के प्रिंसिपल ने ठगा

- शेयर मार्केट में मोटी कमाई का झांसा दिया, 93 लाख रुपये हड़पने का आरोप
- कोटकासिम के निकट करनीकोट गांव निवासी रिटायर टीचर ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी

**अलवर, (निसं)।** खैरथल तिजारा क्षेत्र के करणीकोट निवासी रिटायर टीचर को उसकी पत्नी के स्कूल के प्रिंसिपल ने ठग लिया। शेयर मार्केट में पैसा लगाकर मोटी कमाई का लालच दिया। खुद के घर बुलाकर कई बार में 93 लाख रुपए ले लिए। आखिर में यह बोल दिया कि शेयर मार्केट में घाटा लग गया। जब पैसा नहीं लौटाया तो पीड़ित ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

कोटकासिम के निकट करनीकोट गांव निवासी रिटायर टीचर धर्मवीर यादव ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि उसकी पत्नी राजीकय बालिका उमावि पदमाड़ा कला में सीनियर टीचर हैं। इसी स्कूल में आरोपी अशोक कुमार यादव प्रिंसिपल हैं। पत्नी के स्कूल में प्रिंसिपल होने के कारण परिवार से परिचय हो गया। इसलिए एक दिन अशोक कुमार यादव ने उनको खुद के अलवर शहर के 60 फीट रोड घर पर बुलाया। यहां शेयर मार्केट में मोटा पैसा कमाने का लालच दिया। बार-बार कहा कि मेरे बेटे-बेटी शेयर मार्केट में काम करते हैं। आप इसमें हमारे साथ काम करोगे तो मोटा कमाई करोगे। सबसे पहले मेरी पत्नी के बैंक से 11 लाख रुपए चेक से लिए, फिर और रकम मांगी। तब आरोपी प्रिंसिपल ने भी कहा कि मेरा बैंक खाता सीज हुआ पड़ा है। आप अपनी बेटी के नाम से डीमेट अकाउंट खुलवा लो। फिर उस अकाउंट को आरोपी ने खुद के बेटे विशाल को हैंडल करने को दे दिया। उसके बाद आरोपी प्रिंसिपल का बेटा ही हमारे अकाउंट को चलाने लग गया। बाद में कई बार में ओटीपी लेकर कुल 93 लाख रुपए ले लिए। ज्यादातर पैसा उनके खातों में गया है।

टीचर ने बताया कि उसे रिटायरमेंट पर करीब 76 लाख रुपए मिले थे। यह रकम भी कई बार में सीधे अकाउंट के जरिए ली है। पत्नी के खाते से भी पैसे लिए हैं। पूरा पैसा खातों से ट्रांसफर हुआ है। आरोपी प्रिंसिपल की बेटी के खाते में 42 लाख रुपए गए हैं। जिसका बैंक रिकॉर्ड भी है। इस रकम को लेकर आरोपी प्रिंसिपल ने कहा था कि यह उनका प्रॉफिट है, लेकिन हमारे पैसे का कोई हिसाब नहीं दिया। आखिर में यह कह दिया कि आपका पैसा शेयर मार्केट में डूब गया। जबकि पैसा इन्होंने लिया था। यह कहा था कि मार्केट में मोटी कमाई होगी। आप रकम दीजिए, तुम्हें तो ब्याज सहित पैसा लौटाया जाएगा। टीचर की रिपोर्ट के बाद मुकदमा दर्ज हो गया है। अब पुलिस जांच में लगी है। जांच के बाद ही आगे कार्यवाही की जाएगी।

# मजदूर की मौत पर संगरिया में विरोध प्रदर्शन

- परिजनों ने मुआवजे और नौकरी की मांग की, दो युवक पानी की टंकी पर चढ़े
- मृतक के परिजन और विधायक अभिमन्यु पूनिया पुलिस थाने के सामने धरने पर बैठे

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के संगरिया में एक मजदूर युवक की मौत के विरोध में प्रदर्शन जारी है। मृतक के परिजन और विधायक अभिमन्यु पूनिया पुलिस थाने के सामने धरने पर बैठे हैं। दो युवक रोहित जावा और अनिल सिहाग वाटरवर्क्स की ओवरहेड टंकी पर चढ़ गए।

मृतक अजय कुमार के पिता जोगेंद्र सिंह ने बताया कि उनका बेटा जीसीएस फैक्टरी में मजदूरी करता था। ठेकेदार बलजीत सिंह ने उसे 30 फीट ऊंचे पुराने शैड पर काम करने को कहा। अजय ने मना किया, लेकिन उसे धमकाकर ऊपर भेज दिया गया। कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए।

शैड टूटने से अजय की गिरकर मौत हो गई। परिजनों की मांग है कि उन्हें मुआवजा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। वे थाना प्रभारी तेजवंत को हटाने की भी मांग कर रहे हैं। परिजनों का कहना है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, वे हनुमानगढ़ सरकारी अस्पताल में रखे शव को नहीं उठाएंगे। ग्रामीणों ने ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मृतक के दादा टेनी, परिजन रामदास, गुरप्रीत सिंह सहित कई ग्रामीण प्रदर्शन में शामिल हैं। परिजनों का आरोप है कि उन्हें समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है।

# दरगाह में मंदिर विवाद प्रकरण: कोर्ट में सुनवाई टली

**अजमेर, (कासं)।** हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता द्वारा ख्वाजा साहब की दरगाह के गर्भगृह में शिव मंदिर के दावे को लेकर अजमेर कोर्ट में शनिवार को सुनवाई टल गई। मामले में अब अगली सुनवाई 31 मई को होगी। वादी विष्णु गुप्ता द्वारा एक स्थगन प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किया गया, जिस कोर्ट में केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय और एएसआई ने अपना जवाब प्रस्तुत किया।

एडवोकेट योगेंद्र ओझा ने बताया कि शनिवार को अजमेर कोर्ट में ख्वाजा साहब की दरगाह में मंदिर मामले को लेकर शनिवार को सुनवाई होनी थी। प्रार्थना पत्र और जिला न्यायाल य की नई बिल्डिंग का उद्घाटन, वादी विष्णु गुप्ता के साथ सुप्रीम कोर्ट के वकील के नहीं आने और नए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के कारण जवाब के लिए सुनवाई को टाल दिया गया। मामले में अब अगली सुनवाई 31 मई को होगी। कोर्ट में एक प्रार्थना पत्र प्रतिवादी संख्या 2 और 3 के द्वारा प्रस्तुत किया गया। उपरोक्त प्रार्थना पत्र में भारत संघ नाम से प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है, इसलिए खारिज किया जाए, जिसको लेकर वादी विष्णु गुप्ता जवाब प्रस्तुत करेगा। मालूम हो कि बिजयनगर कांड को लेकर जिला बार एसोसिएशन द्वारा अजमेर बंद को दिए गए समर्थन के चलते सुनवाई टल गई थी। यहां उल्लेखनीय है कि हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दरगाह में मंदिर के दावे को लेकर अजमेर कोर्ट में याचिका लगाई थी, इसके बाद दरगाह कमेटी ने याचिका को खारिज करने की मांग करते हुए कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। वहीं अब मामले में अजमेर दरगाह से जुड़ी खादिमों की संस्था अंजुमन कमेटी ने हाईकोर्ट में सुनवाई पर रोक लगाने की मांग को लेकर याचिका लगाई है।

# अवैध हथियार रखने वाले दो युवक गिरफ्तार

**हनुमानगढ़, (निसं)।** पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाई में अवैध हथियार रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

लखुवाली पुलिस चौकी की टीम ने पहली कार्रवाई में एलके माइनर कच्चा रास्ता नर्सरी लखुवाली से रणजीतपुरा निवासी 35 वर्षीय रामजी पुत्र संतराम मेघवाल को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक अवैध लोहे का धारदार कापा बरामद हुआ। दूसरी कार्रवाई में पीलीबंगा रोड बस स्टैंड लखुवाली से 24 वर्षीय शहनाज पुत्र शुकिन खान को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से भी एक अवैध लोहे का धारदार कापा बरामद किया गया। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# 34 हजार नशे के कैप्सूल बरामद

**श्री गंगानगर, (निसं)।** जिले में नशे के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन सीमा संकल्प व फाल्स आउट के तहत सदर थाना पुलिस ने 34000 नशीले कैप्सूल सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है।

सदर थानाधिकारी सुभाष ढिल ने बताया कि एक युवक को 34,000 प्रतिबंधित प्रैगाबैलिन कैप्सूल की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी इन कैप्सूल को मेडिकल स्टोरों पर सप्लाई करने की फिराक था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान आरोपी सुमित मिढा (35) पुत्र अशोक कुमार निवासी सेतिया फार्म गली नम्बर 13. हाल सेक्टर नम्बर 3 जवाहरनगर श्रीगंगानगर के रूप में हुई। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से नशीली दवाओं की सप्लाई कर रहा था। शहर में पहले भी प्रतिबंधित दवाओं की खेप पकड़ी जा चुकी है। हालांकि पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर रही है, लेकिन नशा तस्कर फिर भी बेखौफ होकर तस्करी कर रहे हैं। फिलहाल सदर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ थाना सदर श्रीगंगानगर में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# ट्रेन के एसी कोच में 18 लाख रुपये के जेवर चोरी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** झालावाड़-श्रीगंगानगर ट्रेन के एचए-वन एसी कोच में एक दंपती के करीब 18 लाख रुपए से अधिक के सोने के जेवरात चोरी हो गए। बीकानेर के व्यास कॉलोनी थाना क्षेत्र के पवनपुरी हाउसिंग बोर्ड निवासी नीरज चावला ने रिपोर्ट पेश कर बताया कि वह अपने परिवार सहित जयपुर से बीकानेर ट्रेन नंबर 22997 में कोच नंबर एचए-1 में आ रहा था, रात में करीब साढ़े बारह बजे सो गए थे, रात में डेढ़ बजे आंख जगी तो वॉशरूम में चला गया, तब मेरी पत्नी व पुत्र सीटों पर सो रहे थे। जब वह वापिस आया तो देखा कि उसकी पत्नी रो रही थी, पत्नी ने बताया कि अभी एक युवक आया और लेडीज पर्स छिनकर भाग गया, तब वह नींद में थी, पर्स छिनने के साथ ही वह जाग गई। घटना की जानकारी टीटीई, कोच अटेंडेंट को दी गई।

# नाबालिग बालिका का बाल विवाह रूकवाया

**कोटा, (निसं)।** बाल अधिकारिता विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस के सहयोगी संगठन सृष्टि सेवा समिति की संयुक्त टीम ने रानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हो रहे 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के बाल विवाह को मौके पर जाकर रुकवाया। वहीं प्रशासन की टीम ने परिजनों को बाल विवाह न करने को लेकर पाबंद किया।

- 20 अप्रेल को थी शादी, प्रशासन की टीम ने परिजनों को पाबंद किया



बाल विवाह रूकवाने के लिये टीम के सदस्यों ने कार्रवाई की।

जिला बाल संरक्षण इकाई व बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रामराज मीणा ने बताया कि उन्हें उक्त थाना क्षेत्र में हो रहे बाल विवाह की सूचना मिली थी, जिस पर उनके द्वारा टीम को कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए। निर्देश के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन के कॉ-ऑर्डिनेटर नरेश मीणा ने लाड़पुरा तहसीलदार को पत्र प्रेषित कर बाल विवाह की सूचना दी, जिस पर तहसीलदार द्वारा संबंधित थाने को बाल विवाह के संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इधर चाइल्ड हेल्पलाइन के कॉ-ऑर्डिनेटर नरेश मीणा, काउंसलर महिमा पांचाल, वॉलिंटियर सौरभ मेहरा तथा सृष्टि सेवा समिति के डिस्ट्रिक्ट कॉ-ऑर्डिनेटर भूपेंद्र सिंह पुलिस थाना रानपुर पहुंचे, जहां पर उपस्थित ड्यूटी अधिकारी मुख्य आरक्षी भारत राज को बाल विवाह की जानकारी दी। तत्कालीन समय पर पटवारी शुभम भी मौके पर पहुंचे।

संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि टीम जब बालिका के घर पर पहुंची तो वहां विवाह की रस्म-रिवाज इत्यादि चल रहे थे, बालिका के हल्दी मेहंदी लगी हुई थी, अचानक से टीम को देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया। टीम द्वारा जब बालिका के परिजनों से बातचीत की गई तो पता चला कि बालिका का विवाह 20 अप्रेल को होने वाला था और बारात बारां से आएगी। टीम द्वारा जब बालिका के जन्म संबंधी दस्तावेज जांचे गए तो बालिका की 15 वर्ष आयु की पाई गई। जिस पर उपस्थित प्रशासन की टीम ने बालिका के परिजनों को बालिका का विवाह न करने को लेकर पाबंद किया। टीम द्वारा बालिका को बाल कल्याण समिति सदस्य हरप्रीत कौर के समक्ष पेश करके राजकीय बालिका गृह में अस्थाई आश्रय दिलवाया गया।

# पाली में नाबालिग से रेप का आरोप

- नाबालिग लड़की सोनोग्राफी में 14 सप्ताह की गर्भवती पाई गई

**पाली, (नि.सं.)।** पाली के एक अस्पताल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पेट दर्द की शिकायत पर इलाज के लिए लाई गई एक नाबालिग लड़की सोनोग्राफी में 14 सप्ताह की गर्भवती पाई गई। अस्पताल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

घटना 17 अप्रैल की शाम की है, जब परिजन नाबालिग को पेट दर्द की शिकायत पर अस्पताल के ट्रोमा वार्ड लेकर पहुंचे। डॉक्टरों को शक होने पर करवाई गई सोनोग्राफी में नाबालिग के गर्भवती होने की पुष्टि हुई। यह जानकर परिजनों के होश उड़ गए। रोते हुए उन्होंने कहा कि उनकी बेटी तो अभी बच्ची है, वह कैसे गर्भवती हो सकती है। एक थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पिछले छह महीनों में उनकी नाबालिग बेटी के साथ कई बार जबरदस्ती की गई।

गुड़ा एंदला एसएचओ कपूराराम ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल नाबालिग का अस्पताल में इलाज जारी है और उसके बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी, जिससे आरोपी की पहचान की जा सके।

# सरकारी स्कूल के कमरे की छत की पट्टी टूटकर गिरी

## खैरथल-तिजारा के हरसोली स्कूल में लंच के दौरान हादसा हुआ

- तीन छात्राएं घायल, दो छात्राओं की स्थिति गंभीर, अलवर जिला अस्पताल रैफर किया, प्रिंसिपल सहित शिक्षा अधिकारी बच्चियों से मिलने अस्पताल पहुंचे

**खैरथल, (निसं)।** जिले के हरसौली गांव में एक सरकारी विद्यालय में कमरे की छत की पट्टी के अचानक गिरने से कक्षा तीन व चार में अध्ययनरत तीन छात्राएं चोटिल हो गई। स्कूल के कमरे की छत की पट्टी टूटकर गिरने से विद्यालय स्टाफ व बच्चों में अफरा-तफरी मच गई।

यह हादसा लंच ब्रेक के दौरान घटित हुआ जब तीनों बालिकाएं खेलते-खेलते कमरे में चली गई थी। अचानक स्कूल कमरे की पट्टी टूटने व छात्राओं की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद अध्यापक दौड़े और घायलों को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले गए। दो छात्राओं की स्थिति गंभीर होने के चलते उन्हें अलवर जिला अस्पताल रैफर किया गया, जबकि एक छात्रा को खैरथल के राजकीय सैटेलाइट अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सीटी स्कैन जांच के लिए अलवर भेजा गया।

स्कूल प्रिंसिपल संतोष कुमार से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया कि वह अवकाश पर थे। हादसे का पता लगने पर वह अस्पताल बच्चों के पास में है। शिक्षा अधिकारी शकुंतला मीणा भी बच्चों से मिलने अस्पताल पहुंची है। प्रिंसिपल संतोष कुमार ने बताया कि स्कूल में लंच का समय था। अचानक कमरे में छत की पट्टी टूटकर नीचे गिरने पर पारुल सोनिया शिवानी चोटिल हुए हैं।

# मादक पदार्थ सहित दो गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में आशीष प्रजापत कार्यकारी वृत्ताधिकारी देवली व दूनी थानाधिकारी हेमन्त जनागल के नेतृत्व गठित दो टीमों द्वारा कस्बा आंवा व राजमहल में अलग-अलग जगह दबिश देकर 1.170 किलोग्राम भांग व 820 ग्राम भांग की पत्तियां जब्त कर दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही अवैध बजरी खनन व परिवहन में फरार चल रहे अभियुक्त सीताराम पुत्र पोखर जाट को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी रामकिशन गुर्जर पुत्र जगदीश गुर्जर निवासी ख्वासपुरा थाना दूनी के कब्जे से 400 ग्राम भांग 150 ग्राम भांग पत्तियां तथा 1450 रुपये बिक्री राशि के रुप में जब्त कर रामकिशन गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार कस्बा राजमहल में सुरेश कुमार मीणा पुत्र प्रभूलाल निवासी कुरासिया थाना टोडारायसिंह के कब्जे से 770 ग्राम भांग 670 ग्राम भांग पत्तियाँ तथा 240 रुपये बिक्री राशि के रुप में जब्त कर गिरफ्तार किया गया।

# अवैध हथियारों की तस्करी मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा

## पांच गिरफ्तार, 11 अवैध देशी पिस्टल, 17 मैगजीन व 15 जिन्दा कारतूस बरामद

- डीसीआरबी व सायबर सैल के इनुपट पर हुई कार्रवाई, तस्करों और बदमाशों को हथियार सप्लाई करते थे

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी और सप्लाई को लेकर अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए 11 अवैध देशी पिस्टल, 17 मैगजीन व 15 जिंदा कारतूस बरामद करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक किशोर को पुलिस संरक्षण में लिया है।

पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि बालोतरा में अवैध हथियारों की सप्लाई और तस्करी को लेकर पुलिस लम्बे समय से नजर बनाए हुई थी। डीसीआरबी कांस्टेबल मोहनलाल को इनपुट मिला जिसको डवलप करते हुए कल्याणपुर, पचपदरा और बालोतरा थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि पुलिस को इनपुट मिला कि अवैध हथियारों की बड़ी खेप मध्यप्रदेश से बालोतरा आ रही हैं। जिस पर साइबर सैल प्रभारी हैड कांस्टेबल गोमाराम, डीसीआरबी कांस्टेबल मोहनलाल, कांस्टेबल मेघाराम, जोगाराम और अशोक की टीम अलर्ट हुई जिस पर टीम ने कल्याणपुर थाना हल्के के एक रावली ढाणी ढाबे से गणपत सिंह पुत्र भंवरसिंह निवासी आकल और उसके विधि से संघर्षरत किशोर को डिटेन किया। गणपत सिंह के कब्जे से 7 अवैध पिस्टल, 11 मैग्जिन, 11 जिंदा कारतूस बरामद किए। वहीं दूसरी कार्रवाई में बालोतरा थाना पुलिस ने खेड रोड से जितेन्द्रदान पुत्र लालदान चारण निवासी बालेवा पुलिस थाना गिराब बाडमेर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

वहीं तीसरी कार्रवाई पचपदरा के पुरोहितजी होटल में सामने पचपदरा थानाधिकारी अमराराम खोखर व डीएसटी प्रभारी इमरान खां के साथ किराए के मकान से चुतराराम पुत्र हनुमानराम निवासी रतेऊ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल मय मैगजीन बरामद की। वहीं चौथी कार्रवाई भी पचपदरा थाना क्षेत्र में हुए, जहां पर साइबर सैल प्रभारी गोमाराम और डीसीआरबी कांस्टेबल मोहनलाल की सूचना पर पचपदरा थानाधिकारी अमराराम खोखर मय टीम ने भारतमाला के निमार्णाधीन रेस्टे एरिया से सचिन उर्फ सुखा पुत्र पारसराम विश्नोई निवासी कुडी तथा केसरीचंद पुत्र मनोहरराम विश्नोई निवासी विष्णुनगर जालोडा पुलिस थाना लोहावट को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक हरिशंकर ने बताया कि अंतर्राज्यीय गिरोह मध्यप्रदेश से हथियार लाकर बालोतरा और बाडमेर जिले में अवैध-डोडा तस्करों, शराब तस्करों और बदमाशों को सप्लाई करते थे, तस्कर और बदमाश इन हथियारों का उपयोग पुलिस पर फायर करने, समाज में दहशत फैलाने के लिए करते थे, लेकिन अब इस खेल की कड़ी से कड़ी जोड़कर पुलिस ऐसे तमाम लोगों तक पहुंचेगी जो शान के लिए अवैध हथियार रखने का शौक रखते हैं।


**कृषि अनुसंधान केन्द्र**
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय)
दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा-327001 (राज.)
Visitus:www.mpuat.ac.in, E-mail:zdr_asrb@yahoo.com, Mo.:8112207969, 9414989929

क्रमांक: एफ( )/कृअके/स्टोर/2025/77-85 दिनांक: 19/04/2025

**आम फलों की नीलामी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस केन्द्र के फल अनुसंधान केन्द्र, जलदाय विभाग के पीछे, बांसवाड़ा पर लगभग 3.18 हैक्टर में आम के फलित पेड़ों (दशहरी, केसर, लगड़ा, मल्लिका, आम्रपाली, बोम्बे, गीन, चोसा एवं अन्य) के फलों की खुली नीलामी दिनांक 26/04/2025 को प्रात: 11.00 बजे, कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर जहां है जैसे है कि स्थिति की जानी है। अत: इच्छुक क्रेता समय पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग लेवें। बोली लगाने से पूर्व धरोहर राशि 14000/- नगद जमा करवानी होगी। साथ ही बोलीदाता द्वारा कार्यालय द्वारा तय नियम एवं शर्तों की सहमति रूपये 100/- के स्टॉम्प पर मुद्रित एवं नोटरी करवाकर एवं आधार कार्ड की छायाप्रति तथा एक ब्लेंक चैक (खाली चैक) धरोहर राशि के साथ जमा करावें। अन्तिम बोली जिस व्यक्ति के नाम होगी, उसे बोली की राशि की आधी राशि (50 प्रतिशत) तुरंत जमा करवानी होगी एवं शेष राशि 7 दिन के भीतर जमा करानी होगी। सम्पूर्ण राशि जमा कराने के पश्चात् ही बगीचे में प्रवेश वांछित होगा। नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी एवं बगीचों के अवलोकन हेतु कार्यालय समय (प्रात: 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक) में सम्पर्क कर सकते है।

- संभागीय निदेशक अनुसंधान